**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 21-03-2006**
**Participants : Moghe Shri Krishna Murari,Atwal Shri Charnjit Singh**

an>

Title : Regarding need to formulate a joint project by the State and Central Governments for afforestation in Madhya Pradesh.

**श्री कृणा मुरारी मोघे (खरगौन)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मध्य प्रदेश की एक बहुत ही ज्वलंत समस्या की ओर आकर्ति करना चाहता हूं। वहां पूर्ण क्षेत्रफल का 31 प्रतिशत वन क्षेत्र है। किन्तु यह आंकड़ा जो वनभूमि दर्शाता है, वास्तव में उसके ऊपर जंगल नहीं है। इस पर निवास करने वाले 22 प्रतिशत लोग हमारे आदिवासी भाई हैं, जिनके सामने आजीविका का प्रश्न खड़ा हो गया है। इस जंगल के कटने के कारण मालवा और निमाड़ जिसके बारे में कहा जाता था - पग-पग रोटी, डग-डग नीर, आज वह भयंकर सूखे की चपेट में हैं। वन विभाग के माध्यम से वहां का वनीकरण बहुत कारगर साबित हुआ है, ऐसा कहीं देखने में नहीं आता। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि इन वनों को लगाने के लिए यदि जनभागीदारी से कोई प्रोजैक्ट बनता है और जिसमें न्यूनतम मजदूरी 59 रुपये प्रति व्यक्ति दी जाती है, यदि उसमें 35 रुपये उसे नकद दिये जाएं और बाकी उसकी राशि में वनीकरण के अंदर शेयर मनी बच जाए तो निश्चित रूप से..

MR. DEPUTY-SPEAKER: What is your demand?

**श्री कृणा मुरारी मोघे** : मेरी डिमांड यह है कि जनभागीदारी के आधार मध्य प्रदेश में वनों की प्रोजैक्ट सैन्ट्रल और स्टेट ग वर्नमैन्ट को बनानी चाहिए और उसमें विशो रूप से इन आदिवासियों का शेयर निश्चित किया जाना चाहिए। इससे उसका रक्षण भी होगा और जो पर्यावरण का संकट खड़ा हो रहा है, उससे भी निजात मिलेगी।

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री गणेश सिंह जी का नाम इस मामले से एसोसिएट कर दें।

-

--------------------